## महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधि नियमावली –2022

## "College Student Representative Rules -2022

यह नियमावली (प्रारूप) सरदार महिपाल राजेन्द्र स्नातक महाविद्यालय, साहिया द्वारा वर्ष 2019 में श्री विवेक नैथानी सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) की अध्यक्षता में तैयार की गयी है, महाविद्यालय कार्यालय आदेश संख्या–0984/SMR-028(1)/018/2022 दिनांक 15 सितम्बर, 2022 के अनुपालन में निर्मित पाँच सदस्यीय परामर्श समिति की सिफारिशों के उपरान्त महाविद्यालय चेयरमैन व प्राचार्या महोदया की संस्तुति के पश्चात लागू की गयी।

1– इसका नाम **सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज छात्र प्रतिनिधि नियमावली–2022** होगा एवं इसका विस्तार महाविद्यालय कार्यपरिषद के द्वारा होगा।

2– **(क)** यह नियमावली महाविद्यालय कार्यपरिषद के द्वारा पारित की जायेगी तथा सत्र 2022–23 से लागू होगी।

**(ख)** इस नियमावली का संक्षिप्त नाम **"महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधि नियमावली 2022"** होगा।

**(ग)** महाविद्यालय के प्रत्येक छात्र–छात्रा को प्रवेश के समय महाविद्यालय छात्र कल्याण शुल्क देना होगा। यह शुल्क वार्षिक रूप से देय होगा, जिसकी राशि संस्थाध्यक्ष द्वारा निर्धारित की जायेगी।

**(घ)** महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधियो का कार्यकाल उस सत्र के महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधि चयन की तिथि से आगामी सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा समाप्ति तक होगा, उक्त तिथि को महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधि का कार्यकाल स्वतः ही समाप्त माना जायेगा।

**3– महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधि का स्वरूप–**

महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधि का स्वरूप निम्नवत् होगा–

- **संरक्षकः–** महाविद्यालय के संस्थाध्यक्ष एवं प्राचार्य महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधियों के संरक्षक होगे।
- **महाविद्यालय छात्र– प्रतिनिधि प्रभारी/सचिवः–** महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधियों का गठन, वार्षिक क्रियाकलापों की देखरेख एवं कार्य संचालन हेतु संस्थाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा नियुक्त प्राध्यापक छात्र प्रतिनिधि प्रभारी/सचिव होगा।

| अध्यक्ष | सदस्य | सदस्य | सदस्य | सदस्य सचिव |
|---|---|---|---|---|
| श्री शक्ति सिंह बर्त्वाल | प्रो0 (डॉ0) के0एल0 तलवाड़ | डॉ0 अमित कुमार गुप्ता | श्री भारत चौहान | श्री दीपक बहुगुणा |
| सलाहकार निदेशक | प्राचार्य | सहायक प्राध्यापक | सदस्य मैनेजमेंट कमेटी | सहायक प्राध्यापक |
| एस0एम0आर0जनजातीय (पी.जी) कॉलेज साहिया | श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता | राजनीति विज्ञान विभाग वीर शहीद केसरी चन्द राजकीय महाविद्यालय डाकपत्थर | एस0एम0आर0जनजातीय (पी.जी) कॉलेज साहिया | इतिहास विभाग एस0एम0आर0जनजातीय (पी.जी) कॉलेज साहिया |

DR. AMIT K. GUPTA
Assistant Professor
Deptt. of Political Science
V.S.K.C. Govt. PG College
Dakpathar (Vikasnagar), Dehradun

➢ **महाविद्यालय छात्र कल्याण कोषाध्यक्षः**–महाविद्यालय छात्र कल्याण कोष का रख रखाव प्राचार्य द्वारा नियुक्त वरिष्ठ प्राध्यापक की देखरेख में होगा जो महाविद्यालय छात्र कल्याण कोष का कोषाध्यक्ष होगा।

➢ **महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधिः**– महाविद्यालय में विभिन्न संकायों से छात्र/छात्राओं द्वारा चयनित दो प्रतिनिधि होंगें जिसमें एक छात्र प्रतिनिधि एंव एक छात्रा प्रतिनिधि होंगे।

**4. छात्र प्रतिनिधियों के लिए अर्हतायें–**

i. प्रत्याशी महाविद्यालय का संस्थागत पूर्णकालिक विद्यार्थी होना चाहिए।

ii. प्रत्याशी अर्हत परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए (सेमेस्टर प्रणाली/वार्षिक प्रणाली में किसी भी पूर्व सेमेस्टर/वर्ष में एक से अधिक विषय में पूरक/अनुत्तीर्ण ना हो।)

iii. प्रत्याशी को विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति पूर्ण करनी अनिवार्य होगी जिसका अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में शपथ पत्र भी जमा किया जायेगा।

iv. स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत प्रत्याशी की न्यूनतम आयु 18 तथा अधिकतम आयु 22 वर्ष होनी चाहिए। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत प्रत्याशी की अधिकतम आयु 25 वर्ष होगी तथा अनुसंधानकर्ता अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित होगी।

v. प्रत्येक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत प्रत्याशी की आयु की गणना उसी सत्र की निर्धारित तिथि 01 जुलाई से की जायेगी।

vi. प्रत्याशी को पदाधिकारी के रूप में छात्र–छात्रा प्रतिनिधि बनने का मात्र एक अवसर होगा।

vii. प्रत्याशी का पूर्व में कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं होना चाहिये एवं महाविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रत्याशी के विरूद्व कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही न की गई हो।

**5. चयन की पद्धति एवं प्रक्रिया–**

**क. महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधियो का चयन दो चरणों में पूर्ण होगा।**

**प्रथम चरणः**– महाविद्यालय में आम सभा का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रत्याशी को महाविद्यालय एवं छात्र हितों से सम्बंधित अपने विचारों/उद्देश्यों को आम सभा के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे।

| अध्यक्ष | सदस्य | सदस्य | सदस्य | सदस्य सचिव |
|---|---|---|---|---|
| श्री शक्ति सिंह बर्त्वाल<br>सलाहकार निदेशक<br>एस0एम0आर0जनजातीय (पी.जी) कॉलेज साहिया | प्रो0 (डॉ0) के0एल0 तलवाड़<br>प्राचार्य<br>श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता | डॉ0 अमित कुमार गुप्ता<br>सहायक प्राध्यापक<br>राजनीति विज्ञान विभाग<br>वीर शहीद केसरी चन्द राजकीय महाविद्यालय डाकपत्थर<br>DR. AMIT K. GUPTA<br>Assistant Professor<br>Deptt. of Political Science<br>V.S.K.C. Govt. PG College<br>Dakpathar (Vikasnagar), Dehradun | श्री भारत चौहान<br>सदस्य मैनेजमेंट कमेटी<br>एस0एम0आर0जनजातीय (पी.जी) कॉलेज साहिया | श्री दीपक बहुगुणा<br>सहायक प्राध्यापक<br>इतिहास विभाग<br>एस0एम0आर0जनजातीय (पी.जी) कॉलेज साहिया |

**द्वितीय चरण**– महाविद्यालय की आम सभा में उपस्थित छात्र–छात्राओं द्वारा क्रमिक रूप से छात्र प्रतिनिधि (केवल छात्रों द्वारा) एवं छात्रा प्रतिनिधि (केवल छात्राओं द्वारा) का चयन किया जायेंगा।

**6.** चयन की सम्पूर्ण प्रक्रिया एक दिन में सम्पन्न की जायेगी।

**7. छात्र प्रतिनिधियों की बैठक–**

**क.** छात्र प्रतिनिधियों की बैठक प्रत्येक माह के आखिरी सप्ताह में होगी। विशेष परिस्थितियों में छात्र प्रतिनिधि संस्थाध्यक्ष की अनुमति लेकर एक माह से पूर्व भी बैठक बुला सकते है। जिसमें महाविद्यालय मे अध्ययनरत छात्र भी हिस्सा ले सकते हैं। बैठक की तिथि व समय छात्र प्रतिनिधियों द्वारा निर्धारित की जायेगी, जिसकी पूर्व सूचना प्राचार्य एवं संस्थाध्यक्ष को देनी अनिवार्य होगी।

**ख.** छात्र प्रतिनिधियों की बैठक में लिये गये निर्णय उपस्थित छात्रों की संख्या के बहुमत के आधार पर ही मान्य होंगे तथा बैठक में लिये गये सभी निर्णयों से संस्थाध्यक्ष को अवगत कराना अनिवार्य होगा।

**8. छात्र कल्याण कोष तथा उसका उपयोग–**

**क.** छात्र कल्याण कोष महाविद्यालय के संस्थागत छात्र–छात्राओं से प्राप्त धनराशि से निर्मित होगा। छात्र कल्याण शुल्क की राशि संस्थाध्यक्ष द्वारा आवश्यकतानुसार निर्धारित की जायेगी।

**ख.** छात्र कल्याण कोष किसी भी स्थानीय बैंक में संस्थाध्यक्ष के अधीन होगा।

**ग.** इस कोष का प्रयोग छात्र हित में शिष्ट मण्डल ले जाने, निर्धन छात्र/छात्राओं को सहायता प्रदान करने, मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत करने आदि में किया जा सकता है।

**घ.** छात्र कल्याण कोष से धनराशि प्राप्त करने हेतु छात्र प्रतिनिधियों को छात्र कल्याण कोषाध्यक्ष द्वारा अग्रसारण/संस्तुति सहित आवेदन पत्र प्राचार्या/संस्थाध्यक्ष को प्रस्तुत करना होगा। इस आवेदन पत्र में छात्र कल्याण कोषाध्यक्ष की सहमति आवश्यक होगी। छात्र कल्याण कोषाध्यक्ष के अग्रसारण/संस्तुति के बिना धनराशि स्वीकृत नहीं की जायेगी। छात्र कल्याण कोष से निकाली गयी राशि का सम्पूर्ण स्वप्रमाणित ब्यौरा छात्र प्रतिनिधियों को कोषाध्यक्ष/प्राचार्या को जमा कराना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त छात्रों की जानकारी हेतु इसे अनिवार्य रूप से महाविद्यालय सूचना पट्ट पर भी लगाया जायेगा।

| अध्यक्ष | सदस्य | सदस्य | सदस्य | सदस्य सचिव |
|---|---|---|---|---|
| **श्री शक्ति सिंह बर्त्वाल** | **प्रो0 (डॉ0) के0एल0 तलवाड़** | **डॉ0 अमित कुमार गुप्ता** | **श्री भारत चौहान** | **श्री दीपक बहुगुणा** |
| सलाहकार निदेशक | प्राचार्य | सहायक प्राध्यापक | सदस्य मैनेजमेंट कमेटी | सहायक प्राध्यापक |
| एस0एम0आर0जनजातीय | श्री गुलाब सिंह राजकीय | राजनीति विज्ञान विभाग | एस0एम0आर0जनजातीय | इतिहास विभाग |
| (पी.जी) कॉलेज साहिया | महाविद्यालय चकराता | वीर शहीद केसरी चन्द | (पी.जी) कॉलेज साहिया | एस0एम0आर0जनजातीय |
| | | राजकीय महाविद्यालय डाकपत्थर | | (पी.जी) कॉलेज साहिया |

DR. AMIT K. GUPTA
Assistant Professor
Deptt. of Political Science
V.S.K.C. Govt. PG College
Dakpathar (Vikasnagar), Dehradun

## 9. निष्कासन एंव पदच्युत–

छात्र प्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय नियमावली का उल्लंधन करने छात्र–छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार करने, हिंसक वारदात करने के आरोप होने अथवा संस्था की गरिमा के विरूद्ध कार्य करने पर महाविद्यालय कार्य परिषद द्वारा छात्र प्रतिनिधियों को निष्कासित अथवा पदच्युत किया जा सकता है।

| अध्यक्ष | सदस्य | सदस्य | सदस्य | सदस्य सचिव |
|---|---|---|---|---|
| **श्री शक्ति सिंह बर्त्वाल** | **प्रो0 (डॉ0) के0एल0 तलवाड़** | **डॉ0 अमित कुमार गुप्ता** | **श्री भारत चौहान** | **श्री दीपक बहुगुणा** |
| सलाहकार निदेशक | प्राचार्य | सहायक प्राध्यापक | सदस्य मैनेजमेंट कमेटी | सहायक प्राध्यापक |
| एस0एम0आर0जनजातीय (पी.जी) कॉलेज साहिया | श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता | राजनीति विज्ञान विभाग<br>वीर शहीद केसरी चन्द<br>राजकीय महाविद्यालय डाकपत्थर<br>DR. AMIT K. GUPTA<br>Assistant Professor<br>Deptt. of Political Science<br>V.S.K.C. Govt. PG College<br>Dakpathar (Vikasnagar), Dehradun | एस0एम0आर0जनजातीय (पी.जी) कॉलेज साहिया | इतिहास विभाग<br>एस0एम0आर0जनजातीय (पी.जी) कॉलेज साहिया |

सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज **महाविद्यालय छात्र प्रतिनिधि नियमावली 2022** लागू की जाती है।

**डॉ0 रेनू गुप्ता**
प्राचार्या
एस0एम0आर0जनजातीय
(पी.जी) कॉलेज साहिया

**अनिल सिंह तोमर**
चेयरमैन
एस0एम0आर0जनजातीय
(पी.जी)कॉलेज साहिया